मुख्यमंत्री से मुलाकात के दौरान बाल विधानसभा के सदस्य।



# हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### जिला अग्रणी बैंक कार्यालय ने हेल्पलाइन सेवा शुरू की

**संवाददाता** देहरादून। बैंक परामर्श हेतु हेल्पलाइन की शुरूआत जिलाधिकारी सी रविशंकर के निर्देश पर जिला अग्रणी बैंक कार्यालय द्वारा एक हेल्पलाईन सेवा शुरू की गयी है, जिसका नम्बर 0135–2666135 है। इस हेल्पलाईन से कोई भी व्यक्ति फोन द्वारा जिले के बैंकों से सम्बन्धित किसी भी समस्या को उठा सकता है तथा किसी भी योजना के सम्बन्ध में ऋण परामर्श का सुझाव ले सकता है। इस हेल्पलाईन का संचालन जिला लीड बैंक अधिकारी संजय भाटिया के नेतृत्व में जिला अग्रणी बैंक कार्यालय द्वारा किया जायेगा।

### तीन दिवसीय एफीनिटी महोत्सव 19 दिसंबर से

**संवाददाता** देहरादून, आजखबर। उत्तरांचल डेंटल एंड मेडिकल रिसर्च इंस्टीट्यूट, देहरादून द्वारा तीन दिवसीय अंतरमहाविद्यालयी महोत्सव एफीनिटी–2019 का आयोजन आगामी 19 से 21 दिसंबर, 2019 तक संस्थान के हरिद्वार रोड, छिद्दरवाला स्थित परिसर में किया जाएगा। इस संबंध में जानकारी देते हुए संस्थान के निदेशक अरुण पांडे ने बताया कि उक्त महोत्सव दंत चिकित्सा के क्षेत्र में कार्यरत प्रोफेशनल्स एवं छात्रों का मिला जुला प्रयास है, तथा इसमें देश के विभिन्न डेंटल, आयुर्वेदिक एवं चिकित्सा की विभिन्न विधाओं से जुड़े अनेक शैक्षिक महाविद्यालयों एवं संस्थानों द्वारा प्रतिभाग किया जा रहा है।

### कांग्रेस ने सरकार का पुतला फूंका

**संवाददाता** देहरादून। भाजपा सरकार द्वारा लाभ अर्जित करने वाले सरकारी संस्थान टीएचडीसी को निजी हाथों में सौंपने के विरोध में देहरादून महानगर कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्ताओं ने महानगर अध्यक्ष लालचन्द शर्मा के नेतृत्व में ऐस्लेहॉल चौक पर भाजपा सरकार का पुतला दहन किया। महानगर कांग्रेस अध्यक्ष लालचन्द शर्मा ने केन्द्र की भाजपा सरकार को आडे हाथों लेते हुए कहा कि कांग्रेस ने अपने 70 वर्ष के कार्यकाल में जिन संस्थानों की स्थापना करते हुए देश को समृद्ध बनाने का काम किया तथा उन संस्थानों में देश के लाखों लोगों को रोजगार दिया।

### दून की रसोई में 40 फीसद घटा प्याज का तड़का

**संवाददाता** देहरादून। खाने का जायका बढ़ाने वाला प्याज करीब माहभर से दूनवासियों की रसोई का बजट बिगाड़ रहा है। यहां बिना काटे ही प्याज लोगों के आंसू निकाल रहा है। एक माह के भीतर प्याज के दाम दोगुने से अधिक पहुंच गए हैं। ऐसे में अधिकांश लोग प्याज से दूरी बनाने लगे हैं।

# विजय दिवस’ को भव्यता से मनाये जाने के डीएम ने दिए निर्देश

**बैठक**

16 दिसम्बर को 'विजय दिवस' के रूप में मनाये जाने के सम्बन्ध में डीएम ने ली बैठक

जिलाधिकारी ने समस्याओं का प्राथमिकता से निस्तारण करने के दिए निर्देश

**संवाददाता**

देहरादून। जिलाधिकारी सी रविशंकर की अध्यक्षता में कैम्प कार्यालय में आगामी 16 दिसम्बर 2019 को 'विजय दिवस' के रूप में मनाये जाने के सम्बन्ध में सम्बन्धित अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गयी।



जिलाधिकारी ने गत वर्षों की भांति इस बार भी 'विजय दिवस' को भव्यता से मनाये जाने हेतु सभी सम्बन्धित विभागों को समय से अपनी तैयारी पूर्ण करने और कार्यक्रम के दिवस पर अपनी–अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने के निर्देश दिये। उन्होंने जिला सैनिक कल्याण अधिकारी और अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व को शहीद सैनिक परिवारों, सैनिकों के आश्रितों और पूर्व सैनिक इत्यादि को कार्यक्रम में प्रतिभाग करने हेतु समय से निमंत्रण पत्र जारी करने और कार्यक्रम के दिन परिवहन विभाग के सहयोग से उनको कार्यक्रम स्थल तक लाने–ले जाने का प्रबन्ध करने तथा सैनिक पृष्ठभूमि के परिवारों और सैनिकों से जुड़े लोगों की समस्याओं का प्राथमिकता से निस्तारण करने हेतु कार्यालय में सैनिक शिकायत पंजिका रखते हुए तद्नुसार उनकी शिकायतों का समाधान करने के निर्देश दिये। उन्होंने नगर निगम को कार्यक्रम स्थल के साथ ही शहर के सभी मार्गों में साफ–सफाई करते हुए चूने का छिड़काव करने और कार्यक्रम स्थल में मोबाईल टॉयलेट का प्रबन्धन करने, पुलिस विभाग को यातायात व पार्किंग व्यवस्था का प्रबन्ध करने तथा संस्कृति विभाग को विजय दिवस की भूमिका के साथ ही नागरिकों के कर्तव्य व नैतिक उत्तरदायित्व से सम्बन्धित गोष्ठियां व नुक्कड़ नाटक का आयोजन करवाने के निर्देश दिये। इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी ने शिक्षा विभाग को विद्यालयों में जूनियर व सीनियर वर्ग की निबन्ध प्रतियोगिता आयोजित करवाने के पश्चात प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रध्छात्राओं को विजय दिवस के दिन मुख्यमंत्री द्वारा सम्मानित करवाने, जल संस्थान को कार्यक्रम स्थल पर पेयजल, विद्युत विभाग को निर्बाध विद्युत व्यवस्था तथा लोक निर्माण विभाग को कार्यक्रम स्थल पर अस्थायी निर्माण कार्य में सहयोग करने के निर्देश दिये।

विदित है कि भारत और पाकिस्तान के बीच 1971 में (पूर्वी पाकिस्तान–वर्तमान बांग्लादेश) लड़ाई लड़ी गयी थी। भारतीय फौज ने 14 दिनों के भीषण युद्ध के दौरान पाकिस्तानी फौज को परास्त करते हुए बांग्लादेश के निर्माण में सहयोग किया था। इस युद्ध मे अनेक भारतीय सैनिकों द्वारा अदम्य साहस का परिचय देते हुए अपने प्राणों की आहुति दी थी। इसी कारण पूरे देश सहित उत्तराखण्ड में भी प्रत्येक वर्ष 16 दिसम्बर को 'विजय दिवस' के रूप में मनाया जाता है।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व बीर सिंह बुदियाल, जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल डी.के कोशिक, पुलिस क्षेत्राधिकारी सदर अनुज कुमार, अधिशासी अभियन्ता यूपीसीएल मनीष चन्द्र सहित सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित थे।

### बाल विधानसभा के सदस्यों ने सीएम त्रिवेंद्र से की भेंट

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत से सोमवार को विधानसभा में उत्तराखण्ड बाल विधानसभा के सदस्यों ने शिष्टाचार भेंट की। बाल अधिकारों के संरक्षण, बच्चों से संबंधित मुद्दों को विधानसभा में उठाने के उद्देश्य से उत्तराखण्ड में बाल विधानसभा बनाई गई है। मुख्यमंत्री श्री त्रिवेन्द्र ने कहा कि बच्चों का अपने अधिकारों के प्रति सचेत होना जरूरी है। इस तरह की प्रक्रियाओं से इन बच्चों को काफी सीखने को मिलेगा।

इस विधानसभा में प्रदेश के सभी 13 जनपदों से 70 सदस्य हैं। जिसमें विधानसभा अध्यक्ष नमन जोशी, मुख्यमंत्री सृष्टि गोस्वामी एवं नेता प्रतिपक्ष आसिफ हसन हैं। प्लान इण्डिया के प्रोजक्ट मैनेजर श्री गोपाल थपलियाल ने बताया कि 2014 में पहली बाल विधानसभा का आयोजन देहरादून में किया गया। 2018 में तीसरी बाल विधानसभा का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि इस बार बच्चों में नशे की प्रवृत्ति को रोकने एवं बालिका सुरक्षा को फोकस किया जा रहा है। इन बच्चों ने आज विधानसभा की कार्यवाही को देखा।

### पूर्व सीएम को सुविधाओं में खर्च का बकाया माफ करने के मामले में फैसला सुरक्षित

**संवाददाता** देहरादून। हाई कोर्ट ने पूर्व वमुख्यमंत्रियों का आवास भत्ता व अन्य सुविधाओं में हुए खर्चे का बकाया माफ करने के सरकार अध्यादेश को चुनौती देने वाली जनहित याचिका की सुनवाई हुई। जिसमें याचिकाकर्ता को छूट दी है कि यदि सरकार इस बीच इस मामले में कोई अधिनियम बनाती है तो उसे कोर्ट में चुनौती दे सकते हैं । कोर्ट ने याचिका में सुनवाई पूरी कर निर्णय सुरक्षित रख लिया है। सोमवार को मुख्य न्यायधीश रमेश रंगनाथन व न्यायमूर्ति आलोक कुमार वर्मा की खंडपीठ में देहरादून की रूरल लिटिगेशन संस्था की जनहित याचिका पर सुनवाई हुई।

# उत्तराखण्ड में अनेक प्रतिभाशाली बच्चे हैः मुख्यमंत्री

**भेंट**

■ हवा से चलने वाली बाइक बनाने वाले अद्वैत ने सीएम से की भेंट

देहरादून। **संवाददाता**

मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत से गुरूवार को हर्रावाला के छठवीं कक्षा के छात्र अद्वैत क्षेत्री ने भेंट की। अद्वैत ने बताया कि उन्होंने हवा से चलने वाली बाइक बनाई है। इस बाइक को बनाने में उन्हें डेढ़ साल का समय लगा। इससे वायु, ध्वनि और मृदा से संबंधित कोई प्रदूषण नहीं होता है। यह बाइक वे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी को समर्पित करना चाहते हैं।



अद्वैत अपने माता–पिता के साथ सीएम से भेंट करते हुए।

अद्वैत ने कहा कि प्रधानमंत्री के स्वच्छ भारत अभियान में यह उनका छोटा सा योगदान है। अद्वैत ने कहा कि वे भविष्य में एस्ट्रोनॉटिक्स के क्षेत्र में कार्य करना चाहते हैं। यह बाइक उन्होंने गुब्बारे से प्रभावित होकर बनाई है।

उन्होंने कहा कि यह विचार मेरे मन में तब आया जब गुब्बारा कम प्रेशर से इधर से उधर उड़ सकता है, तो अधिक प्रेशर से एयर से चलने वाली बाइक बनाई जा सकती है। उन्होंने इस बाइक मॉडल को देखने के लिए मुख्यमंत्री को आमंत्रित किया है। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र ने अद्वैत को इस मॉडल को बनाने पर बधाई देते हुए उनका आमंत्रण स्वीकार किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड में अनेक प्रतिभाशाली बच्चे हैं। हमारा प्रयास है कि ऐसे बच्चों को आगे भी इसी तरह के इनोवेटिव कार्यों के लिए अलग फंड की व्यवस्था की जाय। उन्होंने कहा कि केन्द्रीय स्तर पर इस बाइक मॉडल का प्रस्तुतीकरण कराया जायेगा। इस अवसर पर अद्वैत के पिता आदेश क्षेत्री एवं माता अमृता क्षेत्री भी उपस्थित थे।




### बच्चों ने ली प्रतिज्ञा

**संवाददाता** देहरादून। देव भूमि मानव संसाधन विकास समिति एवं ट्रस्ट की ओर से नशे के खिलाफ युवाओं में जागृति लाने के लिए नशे के खिलाफ जंग मुहिम की शुरुआत की।

**स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक**
**प्रदीप चौधरी**
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
**संपादकः प्रदीप चौधरी**

**सिटी कार्यालयः**
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।
**फैक्स नं०–**
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।